लिखने वाले ने लिख डाला,
मिटा ना कोई पाया,
बिगड़ी बनाने वाले बाबा,
तेरी शरण में आया।।

तर्ज लिखने वाले ने लिख डाले।

राजाओं के राजा हो तुम,
भीख माँगने वाले हैं हम,
देने वाला ये ना सोचे,
देने वाला ये ना सोचे,
माँगने कौन है आया,
बिगड़ी बनाने वाले बाबा,
तेरी शरण में आया।।

एक नजर जिस पर भी डाले,
वक्त बदलते देर ना लागे,
तेरा दर अब आखिरी दर है,
तेरा दर अब आखिरी दर
सोच के मैं भी आया,
बिगड़ी बनाने वाले बाबा,
तेरी शरण में आया।।

किसकी लाऊँ बाबा सिफारिश,

मेरी तुमसे ये ही गुजारिश,
‘बनवारी’ मैं भटक भटक कर,
‘बनवारी’ मैं भटक भटक कर,
सही जगह पर आया,
बिगड़ी बनाने वाले बाबा,
तेरी शरण में आया।।

लिखने वाले ने लिख डाला,
मिटा ना कोई पाया,
बिगड़ी बनाने वाले बाबा,
तेरी शरण में आया।।

स्वर मुकेश बागड़ा जी।

Source:
https://www.bharattemples.com/likhne-wale-ne-likh-dala-mukesh-bagda-bhajan/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw